MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -17 मंदसौर, 15 अक्टूबर 2025 बुधवार से 21 अक्टूबर 2025 तक पृष्ट -4 किमत 2

## शामगढ़ मंडी में मूंगफली के कम दामों पर किसानों का गुस्सा फूटा, गरोठ रोड पर 15 मिनट तक चक्का जाम

**यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़**

शामगढ़। दीपावली से पहले मूंगफली बेचने पहुंचे किसानों का गुस्सा मंगलवार को उस समय फूट पड़ा जब मंडी में मूंगफली के भाव अचानक 1000 रुपए प्रति क्विंटल तक गिर गए। कम दाम मिलने से नाराज किसानों ने कृषि उपज मंडी परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और मंडी कार्यालय का घेराव कर गरोठ रोड पर करीब 15 मिनट तक चक्का जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार, किसानों का कहना है कि सोमवार को मूंगफली का भाव रू 4,000 प्रति क्विंटल था, जो मंगलवार को घटकर रू 3,000 रह गया। इस अचानक गिरावट से किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसान बालू बंजारा ने बताया कि ÷हम मेहनत से फसल तैयार करते हैं, लेकिन व्यापारी मनमानी दर तय कर रहे हैं। सरकार को मूंगफली का समर्थन मूल्य घोषित करना चाहिए ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके।

विरोध की सूचना पर तहसीलदार किरण गहलोत, थाना प्रभारी धर्मेंद्र शिवहरे और मंडी सचिव पर्वत सिंह मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर प्रदर्शन को शांत कराया। मंडी प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जाम हटाया गया और यातायात सामान्य हुआ।



मंडी सचिव पर्वत सिंह ने बताया कि मूंगफली के भाव गुणवत्ता के आधार पर तय होते हैं। कुछ लॉट की क्वालिटी औसत होने के कारण दाम में अंतर आया है। स्थिति अब सामान्य है और मंडी का संचालन सुचारु रूप से जारी है।

इन दिनों शामगढ़ मंडी में मूंगफली की आवक में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। प्रतिदिन लगभग 10 हजार बोरी मूंगफली की आमद दर्ज की जा रही है। दीपावली सीजन की तैयारियों के चलते किसान बड़ी संख्या में उपज बेचने मंडी पहुंच रहे हैं।

हालांकि, किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर मूंगफली के उचित दाम तय नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## 16 साल की किशोरी से दुष्कर्म

### पिता का दोस्त ही निकला आरोपी

रतलाम। जिले के जावरा में 16 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप किशोरी के पिता के 45 वर्षीय दोस्त तोहित शेख पर है। घटना अगस्त महीने में जावरा के हुसैन टेकरी क्षेत्र में हुई थी। पीड़िता ने मुंबई में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद जावरा औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



आरोपी तोहित शेख

### मुंबई में दर्ज हुई थी जीरो पर एफआईआर

जावरा औद्योगिक क्षेत्र थाना टीआई विक्रमसिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता ने मुंबई के डिंडोशी थाने में दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज करवाई थी।

वहां जीरो पर कायमी होने के बाद रिपोर्ट जावरा थाने भेजी गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी तोहित शेख (45) निवासी वार्ड 22, बड़ा मालीपुरा, जावरा को गिरफ्तार किया गया।

### पिता का दोस्त होने का उठाया फायदा

किशोरी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उसके पिता और आरोपी तोहित शेख एक ही जगह काम करते थे, जिसके चलते तोहित का उसके घर आना-जाना था।

इसी जान-पहचान का फायदा उठाकर आरोपी ने हुसैन टेकरी क्षेत्र के एक मकान में उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। यह घटना इसी साल 5 अगस्त से 22 अगस्त के बीच की है।

## लापता नाबालिग गुजरात से सकुशल बरामद

### भानपुरा पुलिस ने मोरबी में पकड़ा अपहरणकर्ता, पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ीं

मंदसौर । पुलिस ने मंगलवार को भानपुरा थाना क्षेत्र के दुधली गांव से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को गुजरात के मोरबी से बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहरणकर्ता दीपक पिता राघुलाल मेघवाल (29) को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद उप जेल गरोठ भेज दिया। जानकारी के अनुसार, 25 अगस्त 2025 को दुधली निवासी फरियादी ने भानपुरा थाने में अपनी नाबालिग बेटी रुचि (बदला हुआ नाम) के घर से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्काल मामला



दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी ने मानवीय और तकनीकी साक्ष्य जुटाए, जिसके आधार पर नाबालिग के मोरबी, गुजरात के सेंसर चौकड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में होने की सूचना मिली। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के बाद, एक पुलिस टीम परिजनों के साथ मोरबी भेजी गई।

पुलिस टीम ने मोरबी से नाबालिग को संदेही दीपक मेघवाल के कब्जे से सकुशल बरामद किया और उसे भानपुरा ले आई। पीड़िता के बयानों और मेडिकल जांच के आधार पर आरोपी दीपक के खिलाफ धारा 87, 64(2) एम बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 भी जोड़ी गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे गरोठ उप जेल भेज दिया गया।

## प्रभारी मंत्री ने भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा की-किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए दिए निर्देश, नए केंद्र खुलेंगे

मंदसौर। जिले में प्रभारी मंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने ऑनलाइन बैठक में भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो और योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उन्हें मिले। मंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर नए पंजीयन केंद्र खोले जाएं और मंडियों व उपमंडियों में हेल्प डेस्क बनाए जाएं, ताकि किसानों की पंजीयन, खरीदी और भुगतान की समस्या का तुरंत समाधान हो सके। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे गांव-गांव जाकर योजना का प्रचार करें और किसानों को पात्रता और प्रक्रिया की जानकारी दें।

### रजिस्ट्रेशन डेट बढ़ाने की भी मांग

बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मंदसौर में किसानों का उत्साह सराहनीय है और पंजीयन की गति अन्य जिलों से बेहतर है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने सुझाव दिया कि पंजीयन की अवधि बढ़ाई जाए और मुआवजा या बीमा राशि प्राप्त किसानों को भी योजना का लाभ मिले, यह संदेश किसानों तक पहुंचे।



बैठक में यह भी बताया गया कि अब तक जिले में 16,385 किसानों का पंजीयन हो चुका है। कुल 256 पंजीयन केंद्र काम कर रहे हैं, जिनमें से 68 सहकारी समितियों में संचालित हैं। पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक और खरीदी 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक होगी। बैठक में विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष और कलेक्टर सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

# संपादकीय

## डिजिटल युग और महिलाएं

डिजिटल की दुनिया में अब ऐसा कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है जहां महिलाएं अपने सम्मान पर डाका डालने वाले साइबर खतरों से बचकर रह सकें। आज के दौर में दुनिया भर में 60 प्रतिशत से अधिक युवतियां और महिलाएं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। भारत इस समय युवाओं का देश है। यहां की युवा आबादी ऑनलाइन दुनिया में सबसे ज्यादा सक्रिय है। इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या एक सकारात्मक बदलाव है लेकिन इसने महिलाओं को वर्चुअल दुनिया में खतरों के जोखिम में डाल दिया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई ने डिजिटल युग में महिलाओं की सुरक्षा के खतरे को रेखांकित करते हुए कहा है कि डिजिटल दौर में बालिकाओं की सुरक्षा मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए। यह सुनिश्चित होना चाहिए कि तकनीकी प्रगति के साथ-साथ नैतिक सुरक्षा भी हो। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

लड़कियों को होने वाले खतरे सिर्फ भौतिक स्थानों तक सीमित नहीं हैं। अब यह डिजिटल दुनिया में विस्तार पा चुके हैं। ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग, डिजिटल स्टाकिंग, व्यक्तिगत डेटा के दुरुपयोग और डीप फेक इमेजनरी तक चुनौतियां बढ़ी हैं। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने मुंबई में आयोजित 'साइबर सुरक्षा जागरूकता माह' के उद्घाटन समारोह में उनकी बेटी के साथ ऑनलाइन गेमिंग के दौरान हुई एक घटना का जिक्र किया। अभिनेता ने बताया कि ऑनलाइन गेम खेलते वक्त उनकी 13 साल की बेटी से न्यूड तस्वीरें मांगी गईं। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को साइबर अपराध के बढ़ते खतरों से सुरक्षित रखने के लिए महाराष्ट्र सरकार से स्कूलों में साप्ताहिक साइबर पीरियड शुरू करने का आग्रह भी किया। यह घटना न केवल साइबर अपराध की गंभीरता को रेखांकित करती है, बल्कि हर माता-पिता के लिए सबक बन गई है। इसके अलावा अभिनेत्री रश्मिका मंदाना, ऐश्वर्या राय और कई अभिनेता भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डीप फेक तस्वीरों को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटा चुके हैं। आए दिन साइबर अपराधों से जुड़े मामले अदालतों में पहुंच रहे हैं।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार वर्ष 2024 में महिलाओं द्वारा दर्ज कराए गए साइबर अपराधों की संख्या लगभग 48500 थी, जो वर्ष 2020 में दर्ज लगभग 22000 मामलों से दोगुनी है। अप्रैल 2025 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक महिला इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने किसी न किसी रूप में ऑनलाइन उत्पीड़न का अनुभव किया है। इनमें बदनाम करने के उद्देश्य से मॉर्फ की गई तस्वीरें वायरल करना, धमकी भरे संदेश भेजना और निजी जानकारी के आधार पर ब्लैकमेल करने जैसे अपराध शामिल हैं। वर्ष 2025 में सामने आए कुछ प्रमुख मामले साइबर अपराधों की गंभीरता को उजागर करते हैं। पुणे में एक 64 वर्षीय महिला वैज्ञानिक को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लगभग पौने दो करोड़ रुपए से अधिक की ठगी का शिकार बनाया गया। गुजरात में एक बड़े साइबर अपराध रैकेट का भंडाफोड़ हुआ, जहां महिलाओं को व्हाट्सएप्प कॉल्स के जरिए डराया और धमकाया गया। एक अन्य मामला पुणे की महिला का था जिसने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग घोटाले में लगभग तेरह लाख रुपए गंवा दिए। इन अपराधों का न केवल वित्तीय, बल्कि मानसिक प्रभाव भी गंभीर होता है। ऐसे अनेकों मामले पूरे देश में देखने को मिले हैं, जिसमें विशेष तौर से महिलाओं को साइबर ठगों द्वारा शिकार बनाया गया है। महिलाएं अवसाद, तनाव और सामाजिक अलगाव का शिकार हो जाती हैं। दुर्भाग्यवश, समाज में साइबर पीड़ितों को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति के कारण कई महिलाएं शिकायत दर्ज कराने से हिचकती हैं, जिससे अपराधी आसानी से बच निकलते हैं। हालांकि भारत सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन उनकी प्रभावशीलता पर सवाल उठते हैं।

# नीमच में स्पा सेंटर मालिक और पूर्व कर्मचारियों में मारपीट

## कार के शीशे तोड़े, सड़क पर तोड़फोड़, हंगामे का वीडियो सामने आया



**नीमच। शहर के एलआईसी रोड पर मंगलवार को वीआईपी स्पा सेंटर के मालिक अभिनंदन पटेल और उनके पूर्व कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही सड़क पर मारपीट और हंगामे में बदल गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।**

**पुलिस के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ, जब मंदसौर के एक स्पा सेंटर में कार्यरत एक युवक और दिल्ली की सविता नामक युवती नीमच स्थित वीआईपी स्पा सेंटर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट की, जिसके बाद झगड़ा बढ़ गया।**

यह झगड़ा दो युवकों और पांच युवतियों के एक समूह के बीच सड़क पर हुआ। इस दौरान महिलाओं के बीच भी झड़प देखी गई। यह घटना करीब आधे घंटे तक चली, जिससे राठौर परिसर के पास यातायात बाधित हो गया और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

विवाद ने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक शिफ्ट कार के शीशे तोड़ दिए गए। मारपीट और तोड़फोड़ के बाद एक युवक और एक युवती अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए।

इस पूरी घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें खुलेआम हुए हंगामे और तोड़फोड़ को साफ देखा जा सकता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान



डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीयू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।



चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# मंदसौर पुलिस कंट्रोल रूम में हुई जनसुनवाई

## एसपी की मौजूदगी में 42 आवेदकों की शिकायतों का तत्काल




मंदसौर। एसपी विनोद कुमार मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित और विधिसंगत निराकरण करना है। जनसुनवाई में पुलिस अधिकारियों ने 42 आवेदकों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया।

एसपी ने व्यक्तिगत रूप से लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित थाना और चौकी प्रभारियों को मामलों का जल्द निराकरण करने और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आवेदकों की सुविधा के लिए जनसुनवाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बजाय जिला पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित किया गया। कंट्रोल रूम शहर के मध्य में स्थित है, जिससे लोगों को पहुंचने में आसानी हुई और उनके समय की बचत हुई। जनसुनवाई में एसपी विनोद कुमार मीणा के साथ एडिशनल एसपी टी.एस. बघेल, एडिशनल एसपी हेमलता कुरील, सीएसपी जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी कीर्ति बघेल, एसडीओपी नरेंद्र सिंह सोलंकी, एसडीओपी दिनेश प्रजापति और एसडीओपी विजय यादव सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इन सभी अधिकारियों ने अपने-अपने अनुभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण में सहयोग किया।

एसपी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत, जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की जांच और निराकरण अगले सप्ताह की जनसुनवाई से पहले संबंधित अनुभाग के एसडीओपी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल से आमजन को त्वरित न्याय मिलेगा और उनके समय की बचत होगी।















# सीएम मोहन बोले- एमपी में चलेंगी 900 ई-बसें

## एमपी के लिए 500 ई-बसों का टेंडर होना बाकी, 472 ई-बसों के लिए डिपो बनाएंगे नगर निगम




भोपाल। प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, भोपाल, इंदौर नगर निगम क्षेत्रों में ई- बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने के बाद ई बसों का संचालन इन शहरों में होने लगेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वच्छता पुरस्कार वितरण के दौरान कहा कि प्रदेश में जल्दी ही नौ से अधिक ई बसें शुरू होंगी। इसके बाद अब नगरीय निकायों द्वारा चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम तेज करने पर फोकस किया जाएगा। कुछ नगर निगमों में इसको लेकर टेंडर भी हो गए हैं।

**भारत सरकार से मिलेंगी 972 ई बसें**

नगरीय विकास और आवास विभाग को भारत सरकार ने 972 ई बसें एमपी के नगरीय निकायों के लिए देने का फैसला किया है। इसमें से 500 ई -बसों को पहले लॉट में दिया जाना था जिसमें से 472 ई बसों के लिए भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने टेंडर कर दिए हैं और इसकी जानकारी एमपी के नगरीय विकास विभाग को मिल गई है। इसके आधार पर एमपी में फर्स्ट फेज में जिन नगर निगमों में ई बसें चलाई जानी हैं उन नगर निगमों भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन के प्रशासन को डिपो बनाने के लिए कहा गया है ताकि बसों के चार्जिंग स्टेशन बनने पर उन्हें खड़ा करने और चार्ज करने का काम किया जा सके। ऐसा होने तक ई बसें आ भी जाएं तो उनका संचालन नहीं हो पाएगा।

सेंकेंड फेज में एमपी के सागर, देवास और सतना नगर निगमों को ई बसें दी जाना है। इसलिए पांच बड़े शहरों के साथ इन शहरों के निगमायुक्तों को भी ई बसों के लिए डिपो का स्थान तलाशने और इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया जल्दी पूरी करने के निर्देश दिए जाएंगे ताकि वर्ष 2026 में शुरुआती दौर में ही इन स्टेशनों को शुरू कर ई बसों का संचालन शुरू किया जा सके।

# कार सवारों ने सरकारी एंबुलेंस चालक को पीटा

## बीजेपी का झंडा लगी कार में सवार लोगों ने एंबुलेंस में तलवार से की तोड़फोड़, 2 आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर। जननी एक्सप्रेस 108 एंबुलेंस के चालक अनिल धनगर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। अरनिया निजामुद्दीन गांव के पास कार सवारों ने एंबुलेंस चालक को पीटा और तलवारों से एंबुलेंस के शीशे तोड़ दिए। इस घटना में एंबुलेंस को लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

अनिल धनगर सीतामऊ से मरीज छोड़कर मंदसौर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम अरनिया निजामुद्दीन के पास मंदसौर से सीतामऊ जा रही एक कार से उनकी एंबुलेंस का साइड ग्लास टकरा गया। इसके बाद कार चालक ने अपनी गाड़ी एंबुलेंस के सामने रोक दी और रास्ता बंद कर दिया।

**जिस कार में सवार थे उसपर लगा बीजेपी का झंडा**

कार में सवार तीन लोग उतरकर अनिल धनगर के साथ गाली-गलौज और लाठियों से मारपीट करने लगे। तभी एक व्यक्ति कार से तलवार लेकर आया और एंबुलेंस के शीशे और डैशबोर्ड पर वार कर तोड़फोड़ की। जिस कार में तीनों सवार थे उसमें बीजेपी का झंडा लगा हुआ था।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपियों में से एक खेत की तरफ भाग गया, जबकि दो को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनीष पाटीदार और अनिरुद्ध जाट के रूप में हुई है। तीसरा आरोपी अभी फरार है। एंबुलेंस चालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और तलवार से हमला करने के मामले में कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों की कार और दो तलवारें भी जब्त कर ली हैं।

# शामगढ़ में अब आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का नया केंद्र

## सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर

शामगढ़ (मंदसौर)। क्षेत्र के नागरिकों के लिए राहत की खबर है। अब शामगढ़ में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने अपनी सेवाएँ शुरू कर दी हैं। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम प्रत्येक सप्ताह विशेष दिनों में अपनी सेवाएं देंगी। हर शनिवार दोपहर 11 से 3 बजे तक हड्डी एवं कमर रोग विशेषज्ञ डॉ. रघुवीर सिंह (MBBS, M.S.) उपस्थित रहेंगे।

वे हड्डियों से संबंधित सभी बीमारियों, जोड़ एवं नसों के दर्द, फ्रैक्चर, गठिया, और लिगामेंट इंजरी जैसे रोगों का इलाज और ऑपरेशन करेंगे। साथ ही जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, तथा हड्डियों की जन्मजात विकृतियों का भी समुचित उपचार उपलब्ध रहेगा।

वहीं हर रविवार दोपहर 11 से 3 बजे तक शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भारद्वाज (MBBS, DCH) बच्चों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज करेंगे।

उनके द्वारा बच्चों के विकास में कमी, बोलने में देरी, लार टपकना, बार-बार सर्दी-जुकाम, वजन न बढ़ना, जन्म से पीलिया, हकलाना, शारीरिक विकलांगता, भूख न लगना जैसे रोगों की जांच और इलाज किया जाएगा। साथ ही बच्चों के सभी टीकाकरण (वैक्सीनेशन) की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

इसके अतिरिक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका शर्मा (MBBS, DGO) द्वारा स्त्री रोग, गर्भावस्था से जुड़ी समस्याओं तथा सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधी सभी ऑपरेशनों का अनुभवयुक्त इलाज प्रदान किया जाएगा।

डॉ. शर्मा अस्पताल में नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी।

**अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं जैसे –**

- ए.सी. ऑपरेशन थिएटर
- कंप्यूटरीकृत लैब
- मेडिकल सुविधा
- एंबुलेंस सेवा
- ICU एवं ECG,डिजिटल एक्सरे जैसी आधुनिक सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें- 9630656224

पता- 10, गरोठ रोड, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, शामगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.)

कोड नं. 458883

अब शामगढ़वासियों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा – सरदार पटेल हॉस्पिटल में हर रोग का होगा आधुनिक उपचार।

# जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रतलाम, 14 अक्टूबर। त्योहारों के दौरान यात्रियो को सुविधा देने के उद्देश्य से तथा अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर जयपुर से बान्द्रा टर्मिनस के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09725/09726 जयपुर बान्द्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल दोनों दिशाओं में 3-3 फेरे चलेगी। गाड़ी संख्या 09725 जयुपर बान्द्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल, जयपुर से 15 से 29 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन बुधवार को जयपुर से 16.05 बजे चलेगी तथा गुरुवार को दोपहर 12.00 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुँचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के चित्तौड़गढ़(21.25/21.30 बुधवार), नीमच(22.18/22.20), मंदसौर(22.59/23.01), रतलाम(00.35/00.45 गुरुवार), एवं दाहोद(02.06/02.08) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। इसी प्रकार, वापसी में गाड़ी संख्या 09726 बान्द्रा टर्मिनस जयपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल, बान्द्रा टर्मिनस से 16 से 30 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन गुरुवार को 14.40 बजे बान्द्रा टर्मिनस से चलेगी तथा शुक्रवार को 10.50 बजे जयपुर पहुँचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के दाहोद(22.00/22.02 गुरुवार), रतलाम(23.35/23.45), मंदसौर(01.20/01.22, शुक्रवार), नीमच(02.29/02.31) एवं चित्तौड़गढ़(03.25/03.30) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशनों पर रुकेगी। यह ट्रेन एलएचबी रेक से चलेगी जिसमें सेकंड एसी, थर्ड एसी, थर्ड एसी, इकोनॉमी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यात्रीगण ट्रेन संचालन से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यात्री रेल मदद ऐप अथवा 139 रेल मदद नंबर का उपयोग भी कर सकते हैं।

# सीतामऊ पुलिस ने 10 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा होटल पल्लवी में जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई, 47 हजार कैश जब्त

मंदसौर। एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर सीतामऊ पुलिस ने सोमवार रात जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कस्बे के होटल पल्लवी में दबिश देकर 10 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा साथ ही आरोपियों के कब्जे से 47,120 रुपए कैश और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। सीतामऊ टीआई मोहन मालवीय के मुताबिक सभी 10 आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त की गई सामग्री में 47 हजार 120 रुपए नगद और 52 ताश के पत्ते शामिल हैं।




**ये आरोपी हुए गिरफ्तार**

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रभु माली (41, क्यामपुर), पवन बैरागी (34, पतलासी कला), गोविंद टांक (39, लदुसा), राधेश्याम पाटीदार (41, सुरजनी), हमीद खान (50, सुरजनी), घनश्याम राठौर (45, लदुना), कैलाश (42, सेमलिया काजी), बिट्टू उर्फ धीरज बैरागी (24, सीतामऊ), राधेश्याम पोरवाल (32, गाडरिया, नाहरगढ़) और चंचल गुप्ता (37, नई आबादी, मंदसौर) शामिल हैं।





समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com



SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES



NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स

डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे

संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306